Google

# गोपनीयता नीति

पिछली बार संशोधित: 18 दिसम्बर 2017 (संग्रहीत संस्करण देखें) (हाइपरलिंक किए गए उदाहरण इस दस्तावेज़ के अंत में उपलब्ध हैं.)

आप कई भिन्न तरीकों से हमारी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं – जानकारी खोजने और उसे साझा करने के लिए, अन्य लोगों के साथ संचार करने या नई सामग्री बनाने के लिए. जब आप हमसे जानकारी साझा करते हैं, उदाहरण के लिए Google खाता बनाकर, तो आपको **अधिक प्रासंगिक खोज परिणाम** और विज्ञापन दिखाने के लिए, **लोगों के साथ जुड़ने** में आपकी सहायता करने के लिए या **दूसरों से साझा करना अधिक तेज़ी और आसान** बनाने के लिए हम उन सेवाओं को पहले से कहीं बेहतर बना सकते हैं. चूंकि आप हमारी सेवाओं का उपयोग करते हैं, इसलिए हम आपको यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हम जानकारी का उपयोग कैसे कर रहे हैं और आप किन तरीकों से अपनी गोपनीयता की सुरक्षा कर सकते हैं.

हमारी गोपनीयता नीति बताती है:

- हम कौन-सी जानकारी एकत्रित करते हैं और उसे क्यों एकत्रित करते हैं.
- हम उस जानकारी का कैसे उपयोग करते हैं.
- हमारे द्वारा ऑफ़र किए जाने वाले विकल्प, जिनमें जानकारी तक कैसे पहुंचना और उसे कैसे अपडेट करना शामिल हैं.

हमने इसे यथासंभव आसान बनाने का प्रयास किया है, लेकिन यदि आप कुकी (cookie), IP पते, पिक्सेल टैग और ब्राउज़र जैसे शब्दों से परिचित न हों, तो पहले इन प्रमुख शब्द के बारे में पढ़ें. गूगल (Google) के लिए आपकी गोपनीयता महत्वपूर्ण है इसलिए चाहे आप Google के लिए नए हों, या लंबे-समय से इसके उपयोगकर्ता हों, कृपया हमारे व्यवहारों को जानने के लिए कुछ समय निकालें – और यदि आपके कोई प्रश्न हों तो हमसे संपर्क करें.

## हमारे द्वारा एकत्रित की जाने वाली जानकारी

हम अपने सभी उपयोगकर्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए जानकारी एकत्रित करते हैं – मूलभूत चीज़ों से लेकर, जैसे कि आप कौन सी भाषा बोलते हैं, अधिक जटिल चीज़ों तक, जैसे कि किन-किन **विज्ञापनों को आप सर्वाधिक उपयोगी मानते हैं**, **वे लोग, जो ऑनलाइन आपके लिए सर्वाधिक मायने रखते हैं** या कौन-कौन से YouTube वीडियो आपको पसंद आ सकते हैं.

हम निम्न तरीके से जानकारी एकत्रित करते हैं:

- **आपके द्वारा हमें दी जाने वाली जानकारी.** उदाहरण के लिए, हमारी कई सेवाओं के लिए आपको Google खाते के लिए साइन अप करना आवश्यक होता है. जब आप ऐसा करेंगे, तब हम आपके खाते के साथ संग्रहित करने के लिए आपका नाम, ईमेल पता, टेलीफ़ोन नंबर या क्रेडिट कार्ड जैसी **व्यक्तिगत जानकारी** पूछेंगे. अगर आप हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली साझाकरण सुविधाओं का पूरा लाभ लेना चाहते हैं, तो हम आपसे सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाली Google प्रोफ़ाइल बनाने के लिए भी कह सकते हैं, जिसमें आपका नाम और फ़ोटो शामिल हो सकते हैं.

- **आपके द्वारा हमारी सेवाओं का उपयोग करने से हमें प्राप्त होने वाली जानकारी.** हम आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली सेवाओं और आप उनका उपयोग कैसे करते हैं, इसके बारे में **जानकारी एकत्रित** करते हैं, जैसे कि जब आप YouTube पर कोई वीडियो देखते हैं, हमारी विज्ञापन सेवाओं का उपयोग करने वाली किसी वेबसाइट पर जाते हैं या आप **हमारे विज्ञापन** और सामग्री देखते हैं और उनसे इंटरैक्ट करते हैं. इस जानकारी में निम्न शामिल हैं:

  - **उपकरण की जानकारी**

    हम **डिवाइस-विशिष्ट जानकारी** एकत्रित करते हैं (जैसे कि आपके हार्डवेयर का मॉडल, ऑपरेटिंग सिस्टम वर्ज़न, अद्वितीय डिवाइस पहचानकर्ता और फ़ोन नंबर सहित मोबाइल नेटवर्क जानकारी). Google आपके **डिवाइस पहचानकर्ताओं** या **फ़ोन नंबर** को आपके Google खाता से संबद्ध कर सकता है.

  - **लॉग जानकारी**

    जब आप हमारी सेवाओं का उपयोग करते हैं या Google द्वारा प्रदान की गई सामग्री को देखते हैं, तो हम सर्वर लॉग में कुछ जानकारी अपने आप एकत्रित और संग्रहीत कर लेते हैं. इसमें निम्न शामिल हैं:

    - आपके द्वारा हमारी सेवा के उपयोग किए जाने के तरीके के विवरण, जैसे आपकी खोज क्वेरी.
    - आपका फ़ोन नंबर, कॉल करने वाले पक्ष का नंबर, अग्रेषण नंबर, कॉल करने के समय और दिनांक, कॉल की अवधि, SMS रूटिंग जानकारी और कॉल के प्रकार जैसी टेलीफ़ोन लॉग जानकारी.
    - इंटरनेट प्रोटोकॉल पता.

        - उपकरण ईवेंट जानकारी जैसे क्रैश, सिस्टम गतिविधि, हार्डवेयर सेटिंग, ब्राउज़र प्रकार, ब्राउज़र की भाषा, आपके अनुरोध का दिनांक और समय और रेफ़रल URL.
        - ऐसी कुकी जो आपके ब्राउज़र या आपके Google खाते की अद्‌वितीय रूप से पहचान कर सकती हैं.

    - **स्थान जानकारी**

      जब आप Google सेवाओं का उपयोग करते हैं, तब हम **आपके वास्तविक स्थान के बारे में जानकारी एकत्रित और संसाधित कर सकते हैं**. हम स्थान का पता लगाने के लिए कई तकनीकों का उपयोग करते हैं, जिनमें IP पता, GPS **और ऐसे अन्य संवेदक** शामिल हैं जो, उदाहरण के लिए, आस-पास मौजूद डिवाइस, **वाई-फ़ाई एक्सेस पॉइंट और सेल टावर** पर Google को जानकारी प्रदान कर सकते हैं.

    - **अद्‌वितीय एप्लिकेशन संख्याएं**

      कुछ सेवाओं में अद्‌वितीय एप्लिकेशन संख्या होती है. यह संख्या और आपके इंस्टॉलेशन के बारे में जानकारी (उदाहरण के लिए, ऑपरेटिंग सिस्टम प्रकार और एप्लिकेशन संस्करण संख्या) उस समय Google को भेजी जा सकती है जब आप उस सेवा को इंस्टॉल या अनइंस्टॉल करते हैं, या तब भेजी जा सकती है जब वह सेवा समय-समय पर, जैसे स्वतः अपडेट के लिए, हमारे सर्वर से संपर्क करती है.

    - **स्थानीय संग्रहण**

      हम ब्राउज़र वेब संग्रहण (HTML 5 सहित) और एप्लिकेशन डेटा संचय जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके आपके उपकरण पर स्थानीय रूप से जानकारी (व्यक्तिगत जानकारी सहित) एकत्रित और संग्रहीत कर सकते हैं.

    - **कुकी और समान तकनीकें**

      जब आप किसी Google सेवा पर विज़िट करते हैं, तो हम **और हमारे पार्टनर** जानकारी एकत्रित और संग्रहीत करने के लिए कई तकनीकों का उपयोग करते हैं और इसमें आपके ब्राउज़र या डिवाइस की पहचान करने के लिए कुकी या समान तकनीकों का उपयोग करना शामिल हो सकता है. हम तब भी जानकारी एकत्रित और संग्रहीत करने के लिए इन तकनीकों का उपयोग करते हैं, जब आप उन सेवाओं से सहभागिता करते हैं, जिन्हें हम अपने पार्टनर को प्रदान करते हैं, जैसे **विज्ञापन सेवाएं** या अन्य साइटों पर दिखाई दे सकने वाली Google सुविधाएं. हमारे Google Analytics उत्पाद, व्यवसायों और साइट स्वामियों को उनकी वेबसाइटों और ऐप्लिकेशन के ट्रैफ़िक का विश्लेषण करने में सहायता प्रदान करते हैं. हमारी विज्ञापन सेवाओं के साथ उपयोग किए जाने पर, जैसे कि वे जो DoubleClick कुकी का उपयोग करती हैं, Google Analytics जानकारी, **Google तकनीक का उपयोग करके, Google Analytics ग्राहक या Google द्‌वारा एक से अधिक साइटों पर जाने से संबंधित जानकारी के साथ लिंक की जाती है**.

जब आपने Google में प्रवेश किया हो, तब हमारे द्‌वारा संग्रहीत की जाने वाली जानकारी सहित हमें आपके बारे में पार्टनर से मिली जानकारी आपके Google खाते से संबद्‌ध हो सकती है. आपके Google खाते से जानकारी संबद्‌ध होने पर, हम इसे व्यक्तिगत जानकारी के रूप में मानते हैं. अपने Google खाते से संबद्‌ध जानकारी को एक्सेस करने, प्रबंधित करने या हटा सकने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस नीति के पारदर्शिता और विकल्प अनुभाग पर जाएं.

## हमारे द्‌वारा एकत्रित जानकारी का उपयोग हम कैसे करते हैं

हम अपनी सभी सेवाओं से एकत्रित जानकारी का उपयोग, उन सेवाओं को **उपलब्ध कराने**, उनका **रखरखाव करने**, उनकी **सुरक्षा करने** और उन्हें बेहतर बनाने के लिए, **नई सेवाएं विकसित करने** और **Google और अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रखने** के लिए करते हैं. हम इस जानकारी का उपयोग आपको उपयुक्त सामग्री प्रदान करने के लिए भी करते हैं – जैसे आपको अधिक प्रासंगिक खोज परिणाम और विज्ञापन प्रदान करना.

हमारे द्‌वारा ऑफ़र की जाने वाली सेवाओं में से जिनके लिए Google खाते की आवश्यकता होती है, उन सभी सेवाओं में हम आपकी Google प्रोफ़ाइल के लिए आपके द्‌वारा प्रदान किए जाने वाले नाम का उपयोग कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, हम आपके Google खाते से संबद्‌ध पिछले नामों को बदल सकते हैं ताकि आपको हमारी सभी सेवाओं में समान रूप से प्रस्तुत किया जाए. यदि अन्य उपयोगकर्ताओं के पास पहले से आपका ईमेल, या अन्य जानकारी है जो आपकी पहचान बता सकती है, तो हम उन्हें आपकी सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाली Google प्रोफ़ाइल जानकारी दिखा सकते हैं, जैसे आपका नाम और फ़ोटो.

अगर आपके पास कोई Google खाता है, तो हम अपनी सेवाओं में आपका प्रोफ़ाइल नाम, प्रोफ़ाइल फ़ोटो और Google या आपके Google खाता से कनेक्ट तृतीय-पक्ष ऐप्लिकेशन पर आपके द्‌वारा की जाने वाली कार्रवाइयां (जैसे कि +1, आपके द्‌वारा लिखी गई समीक्षाएं और आपके द्‌वारा पोस्ट की गई टिप्पणियां) प्रदर्शित कर सकते हैं, जिसमें विज्ञापनों में और अन्य वाणिज्यिक संदर्भों में आपकी जानकारी प्रदर्शित करना भी शामिल है. हम आपके Google खाता में **साझाकरण या दृश्यता सीमित करने की सेटिंग** में किए गए चुनावों को स्वीकार करेंगे.

जब आप Google से संपर्क करते हैं, तो हम उन सभी समस्याओं का समाधान करने में सहायता करने के लिए आपके संचार का रिकॉर्ड रखते हैं, जो आपके सामने उत्पन्न हो सकती हैं. हम अपनी सेवाओं के बारे में आपको सूचित करने के लिए आपके ईमेल पते का उपयोग कर सकते हैं, जैसे आगामी परिवर्तनों या सुधारों के बारे में आपको बताना.

हम आपके उपयोगकर्ता अनुभव और हमारी सेवाओं की संपूर्ण गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुकी और **पिक्सेल टैग** जैसी अन्य तकनीकों से एकत्रित जानकारी का उपयोग करते हैं. ऐसा करने के लिए, हमारी अपनी सेवाओं पर हमारे द्‌वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों में से एक Google Analytics

है. उदाहरण के लिए, आपकी भाषा प्राथमिकताओं को सहेजकर, हम अपनी सेवाओं को आपकी पसंदीदा भाषा में दिखा पाएंगे. आपको अनुकूलित विज्ञापन दिखाते समय, हम नस्ल, धर्म, यौन उन्मुखता या स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील श्रेणियों के साथ कुकी या समान तकनीकों से पहचानकर्ता को संबद्ध नहीं करेंगे.

हमारे स्वचालित सिस्टम आपको कस्टमाइज़ खोज परिणाम, अनुकूलित विज्ञापन तथा स्पैम और मैलवेयर का पता लगाने जैसी व्यक्तिगत रूप से प्रासंगिक उत्पाद सुविधाएं प्रदान करने के लिए (ईमेल सहित) आपकी सामग्री का विश्लेषण करते हैं.

उदाहरण के लिए **आप जिन्हें जानते हैं उन लोगों के साथ चीज़ों को साझा करना आसान बनाने के लिए** – हम **एक सेवा पर उपलब्ध व्यक्तिगत जानकारी को अन्य Google सेवाओं पर उपलब्ध जानकारी, साथ ही व्यक्तिगत जानकारी से संयुक्त कर सकते हैं**. आपकी खाता सेटिंग के आधार पर, **अन्य साइटों और ऐप्लिकेशन पर आपकी गतिविधि** को Google की सेवाओं और Google द्वारा वितरित किए जाने वाले विज्ञापनों को बेहतर बनाने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी के साथ संबद्ध किया जा सकता है.

इस गोपनीयता नीति में निर्दिष्ट प्रयोजनों के अलावा किसी प्रयोजन के लिए जानकारी का उपयोग करने से पहले हम आपकी सहमति के लिए पूछेंगे.

Google विश्व भर के कई देशों में हमारे सर्वर पर निजी जानकारी को प्रोसेस करता है. जिस देश में आप रहते हैं, हम उसके बाहर स्थित किसी सर्वर पर आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस कर सकते हैं.

## पारदर्शिता और विकल्प

लोगों की विभिन्न गोपनीयता चिंताएं होती हैं. हम जो जानकारी एकत्र करते हैं उसके बारे में लक्ष्य रहना हमारा लक्ष्य है, ताकि इसे उपयोग किए जाने के तरीके के बारे में आप अर्थपूर्ण विकल्प बना सकें. उदाहरण के लिए, आप निम्न:

- इस पर निर्णय लेने के लिए अपने Google गतिविधि नियंत्रणों की समीक्षा करें और उन्हें अपडेट करें कि Google सेवाओं का उपयोग करते समय आप किस प्रकार के डेटा, जैसे कि YouTube पर आपके द्वारा देखे गए वीडियो या पिछली खोजें, को अपने खाते पर सहेजना चाहेंगे. आप यह प्रबंधित करने के लिए भी इन नियंत्रणों पर जा सकते हैं कि आपके द्वारा अपने खाते से प्रस्थान किया हुआ होते हुए हमारी सेवाओं का उपयोग करने पर किसी गतिविधि को आपके डिवाइस पर कुकी या समान तकनीक पर संग्रहीत किया जाना चाहिए या नहीं.
- Google डैशबोर्ड का उपयोग करके अपने Google खाते से संबद्ध जानकारी के कुछ प्रकारों की समीक्षा कर सकते हैं और उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं.
- विज्ञापन सेटिंग का उपयोग करके Google और संपूर्ण वेब पर आपको दिखाए जाने वाले Google विज्ञापनों के बारे में अपनी प्राथमिकताएं देखें और संपादित करें, जैसे कि अपनी रुचि की श्रेणियां. कुछ Google विज्ञापन सेवाओं से ऑप्ट आउट करने के लिए आप उस पृष्ठ पर भी जा सकते हैं.
- यह एडजस्ट कर सकते हैं कि अन्य लोगों को आपके Google खाता से संबंधित प्रोफ़ाइल कैसी दिखाई दे.
- यह नियंत्रित कर सकते हैं कि आप अपने Google खाता के माध्यम से किसके साथ जानकारी साझा करें.
- हमारी कई सेवाओं में से अपने Google खाता से संबंधित जानकारी ले सकते हैं.
- चुनें कि क्या आपका प्रोफ़ाइल नाम और प्रोफ़ाइल फ़ोटो, विज्ञापनों में मित्रों से सुझावों में दिखाई दें.

आप हमारी सेवाओं के साथ संबद्ध कुकी सहित सभी कुकी को अवरुद्ध करने के लिए या जब हम कोई कुकी सेट करें तो उसे दर्शाने के लिए, अपने ब्राउज़र को भी सेट कर सकते हैं. हालांकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि अगर आपकी कुकी अक्षम हैं, तो हो सकता है कि हमारी कई सेवाएं **ठीक से कार्य न करें**. उदाहरण के लिए, हो सकता है हमें आपकी भाषा प्राथमिकताएं याद न हों.

## आपके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी

हमारी कई सेवाएं आपको दूसरों के साथ जानकारी साझा करने देती हैं. याद रखें कि जब आप जानकारी को सार्वजनिक रूप से साझा करते हैं, तब यह Google सहित अन्य खोज इंजन द्वारा अनुक्रमित करने योग्य हो सकती है. हमारी सेवाएं आपको अपनी सामग्री **साझा करने** और **उसे निकालने** के भिन्न विकल्प प्रदान करती हैं.

## अपनी व्यक्तिगत जानकारी एक्सेस करना और उसे अपडेट करना

जब भी आप हमारी सेवाओं का उपयोग करते हैं, तो हमारा लक्ष्य आपको **आपकी व्यक्तिगत जानकारी की एक्सेस** उपलब्ध कराना होता है. अगर वह जानकारी गलत है, तो हम आपको उसे तुरंत अपडेट करने या उसे हटाने के तरीके उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं - जब तक कि हमारे लिए उस जानकारी को वैध व्यवसाय या कानूनी उद्देश्यों के लिए रखना आवश्यक न हो.

हमारा लक्ष्य अपनी सेवाओं को इस तरह बनाए रखना है, जिससे जानकारी अप्रत्याशित या दुर्भावनापूर्ण विनाश से सुरक्षित रहे. इस कारण, आपके द्वारा हमारी सेवाओं से जानकारी हटा दिए जाने के बाद, हो सकता है कि हम अपने सक्रिय सर्वर से अवशिष्ट प्रतिलिपियों को तुरंत नहीं हटाएं और अपने बैकअप सिस्टम से जानकारी नहीं निकालें.

## जानकारी, जो हम साझा करते हैं

हम Google से बाहर की कंपनियों, संगठनों और व्यक्तियों से निजी जानकारी तब तक साझा नहीं करते जब तक कि निम्न में से कोई एक परिस्थिति लागू नहीं होती:

- **आपकी सहमति से**

  जब हमारे पास आपकी सहमति होगी तब हम Google से बाहर की कंपनियों, संगठनों या व्यक्तियों से व्यक्तिगत जानकारी साझा करेंगे. किसी भी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने के लिए हमें ऑप्ट-इन सहमति की आवश्यकता होती है.

- **डोमेन व्यवस्थापकों के साथ**

  यदि आपके लिए आपका Google खाता किसी डोमेन व्यवस्थापक (उदाहरण के लिए, Google Apps उपयोगकर्ताओं के लिए) द्वारा प्रबंधित किया जाता है, तो फिर आपके संगठन को उपयोगकर्ता सहायता उपलब्ध कराने वाले आपके डोमेन व्यवस्थापक और पुनर्विक्रेताओं के पास आपकी Google खाता जानकारी (आपके ईमेल और अन्य डेटा सहित) की एक्सेस होगी. आपका डोमेन व्यवस्थापक:

  - आपके खाते से संबंधित आंकड़े देख सकता है, जैसे आपके द्वारा इंस्टॉल किए जाने वाले एप्लिकेशन से संबंधित आंकड़े.
  - आपके खाते का पासवर्ड बदल सकता है.
  - आपके खाते की एक्सेस निलंबित या समाप्त कर सकता है.
  - आपके खाते के भाग के रूप में संगृहीत जानकारी एक्सेस करना या बनाए रख सकता है.
  - लागू कानून, विनियम, **कानूनी प्रक्रिया या लागू होने योग्य शासकीय अनुरोध** के अनुसार आपके खाते की जानकारी प्राप्त कर सकता है.
  - जानकारी या गोपनीयता सेटिंग हटाने या संपादित करने की आपकी क्षमता को प्रतिबंधित कर सकता है.

  अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने डोमेन व्यवस्थापक की गोपनीयता नीति देखें.

- **बाहरी प्रोसेसिंग के लिए**

  अपने निर्देशों के आधार पर तथा हमारी गोपनीयता नीति और किसी भी अन्य उचित गोपनीयता या सुरक्षा उपायों के अनुपालन में हम अपने सहयोगियों या अन्य विश्वसनीय व्यवसायों या व्यक्तियों को व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करते हैं ताकि वे उसे हमारे लिए प्रोसेस कर सकें.

- **कानूनी कारणों से**

  हम Google से बाहर की कंपनियों, संगठनों या व्यक्तियों से व्यक्तिगत जानकारी तभी साझा करेंगे जबकि हमें ऐसा सद्भावपूर्ण विश्वास हो जाए कि जानकारी की एक्सेस, उसका उपयोग, संरक्षण या प्रकटन निम्न के लिए समुचित रूप से आवश्यक है:

  - लागू कानून, विनियम, **कानूनी प्रक्रिया या लागू होने योग्य शासकीय अनुरोध** का पालन करें.
  - लागू सेवा की शर्तों को लागू करना, जिसमें संभावित उल्लंघनों की जांच भी शामिल है.
  - कपट, सुरक्षा या तकनीकी समस्याओं का पता लगाना, उन्हें रोकना या अन्यथा समाधान करना.
  - कानून द्वारा आवश्यक या उसकी अनुमति के अनुसार Google, हमारे उपयोगकर्ताओं या जन-साधारण के अधिकारों, संपत्ति या सुरक्षा को हानि से बचाना.

**हम** सार्वजनिक तौर पर और अपने पार्टनर – जैसे प्रकाशकों, विज्ञापनदाताओं या कनेक्ट की गई साइटों के साथ गैर-व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी साझा कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, हम अपनी सेवाओं के सामान्य उपयोग के बारे में **रुझानों को दिखाने के लिए** जानकारी को सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं.

यदि Google किसी विलय, अधिग्रहण या संपत्ति की बिक्री में शामिल है, तो हम व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता निश्चित रूप से बनाए रखेंगे और व्यक्तिगत जानकारी के स्थानांतरित होने या किसी भिन्न गोपनीयता नीति के अधीन होने से पहले प्रभावित उपयोगकर्ताओं को सूचित करेंगे.

## जानकारी सुरक्षा

हम अपने पास मौजूद जानकारी की अनधिकृत एक्सेस या अनधिकृत बदलाव, प्रकटन या नष्ट होने से Google और अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रखने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं. विशेष रूप से:

- हम SSL का उपयोग करके अपनी कई सेवाओं को एन्क्रिप्ट करते हैं.
- जब आप Google Chrome में अपना Google खाता एक्सेस करते हैं तो हम आपको द्वि-चरणीय सत्यापन और सुरक्षित ब्राउजिंग सुविधा ऑफ़र करते हैं.
- सिस्टम की अनधिकृत एक्सेस के विरुद्ध सुरक्षा के लिए, हम भौतिक सुरक्षा उपायों सहित अपनी जानकारी के संकलन, संग्रहण और प्रोसेसिंग व्यवहारों की समीक्षा करते हैं.
- हम Google के उन कर्मचारियों, अनुबंधकर्ताओं और एजेंट के लिए व्यक्तिगत जानकारी की एक्सेस प्रतिबंधित करते हैं जिनके लिए उस जानकारी हमारे लिए प्रोसस करने के लिए जानना आवश्यक है, और जो सख्त अनुबंधात्मक गोपनीयता दायित्वों के अधीन हैं और यदि वे इन दायित्वों की पूर्ति करने में विफल रहते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशंसात्मक या सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा सकती है.

## यह गोपनीयता नीति कब लागू होती है

हमारी गोपनीयता नीति Google LLC और उसके पार्टनर द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं पर लागू होती है, जिनमें YouTube, Android डिवाइस पर Google द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं और अन्य साइटों पर प्रदान की जाने वाली सेवाएं शामिल हैं (जैसे कि हमारी विज्ञापन सेवाएं),

लेकिन उनमें वे सेवाएं शामिल नहीं हैं, जिनकी अलग गोपनीयता नीतियां होती हैं, जो इस गोपनीयता नीति में शामिल नहीं होती हैं.

हमारी गोपनीयता नीति अन्य कंपनियों या व्यक्तियों द्वारा ऑफ़र की जाने वाली सेवाओं पर लागू नहीं होती, इनमें आपको खोज परिणामों में दिखाई देने वाले उत्पाद या साइटें, Google सेवाओं से युक्त साइटें, या हमारी सेवाओं से लिंक की गई अन्य साइटें शामिल हैं. हमारी गोपनीयता नीति उन अन्य कंपनियों और संगठनों के जानकारी व्यवहारों को शामिल नहीं करती जो हमारी सेवाओं का विज्ञापन करते हैं, और जो कुकी, पिक्सेल टैग और प्रासंगिक विज्ञापनों को उपलब्ध कराने और ऑफ़र करने की अन्य तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं.

## नियामक प्राधिकरणों के साथ अनुपालन और सहयोग

हम अपनी गोपनीयता नीति के साथ अपने अनुपालन की नियमित रूप से समीक्षा करते हैं. हम कई स्व नियामक फ़्रेमवर्क का पालन भी करते हैं, जिनमें EU-US and Swiss-US Privacy Shield Frameworks शामिल हैं. जब हमें औपचारिक लिखित शिकायतें मिलती हैं, तो आगे की कार्यवाही के लिए हम शिकायत करने वाले व्यक्ति से संपर्क करेंगे. व्यक्तिगत डेटा के स्थानांतरण से संबंधित ऐसी किसी भी शिकायत के लिए हम स्थानीय डेटा सुरक्षा प्राधिकरणों सहित, उपयुक्त नियामक प्राधिकरणों के साथ काम करते हैं, जिसे हम अपने उपयोगकर्ताओं के साथ सीधे नहीं सुलझा सकते.

### बदलाव

हमारी गोपनीयता नीति समय-समय पर बदल सकती है. हम आपकी स्पष्ट सहमति के बिना इस गोपनीयता नीति के अंतर्गत आपके अधिकारों को कम नहीं करेंगे. हम गोपनीयता नीति में होने वाले किसी भी बदलाव को इस पृष्ठ पर पोस्ट करेंगे और, यदि बदलाव महत्वपूर्ण हैं, तो हम अधिक विशिष्ट सूचना प्रदान करेंगे (जिसमें कुछ सेवाओं के लिए, गोपनीयता नीति बदलावों की ईमेल सूचना शामिल है). आपकी समीक्षा के लिए हम इस गोपनीयता नीति के पहले वाले संस्करणों को भी एक संग्रह में बनाए रखेंगे.

## विशिष्ट उत्पाद व्यवहार

निम्न सूचनाएं ऐसे निश्चित Google उत्पादों और सेवाओं के संबंध में विशिष्ट गोपनीयता व्यवहारों की व्याख्या करती हैं जिनका आप उपयोग कर सकते हैं:

- Chrome और Chrome OS
- Play - पुस्तक
- Payments
- Fiber
- Project Fi
- G Suite for Education
- YouTube Kids
- Family Link से प्रबंधित Google खाते

हमारी कुछ सबसे लोकप्रिय सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप Google उत्पाद गोपनीयता मार्गदर्शिका पर जा सकते हैं.

## अन्य उपयोगी गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी सामग्रियां

अतिरिक्त उपयोगी गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी सामग्रियां Google के नीतियां और सिद्धांत पृष्ठों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं, इसमें निम्न शामिल हैं:

- हमारी तकनीकों और सिद्धांतों के बारे में जानकारी, जिसमें अन्य चीज़ों के साथ-साथ निम्न पर अधिक जानकारी शामिल है
  - Google कुकी का उपयोग कैसे करता है.
  - हमारे द्वारा विज्ञापन के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकें.
  - हम चेहरे जैसे प्रतिमानों की पहचान कैसे करते हैं.
- यह व्याख्या करने वाला एक पृष्ठ कि आपके द्वारा हमारे विज्ञापन, विश्लेषिकी और सामाजिक उत्पादों का उपयोग करने वाली वेबसाइटों पर जाने पर Google के साथ क्या डेटा साझा किया जाता है.
- गोपनीयता जांच टूल, जो कि आपकी मुख्य गोपनीयता सेटिंग की समीक्षा करना आसान बना देता है.
- Google का सुरक्षा केंद्र जो ऑनलाइन सुरक्षित कैसे रहें, इस पर जानकारी प्रदान करता है.

---

**"आपकी निजी जानकारी का एक्सेस"**

उदाहरण के लिए, Google डैशबोर्ड से आप अपने Google खाता से संबद्ध कुछ डेटा तुरंत और आसानी से देख सकते हैं.
और जानें.

**"विज्ञापन जो आपको सबसे उपयोगी लगते हैं"**

उदाहरण के लिए, अगर आप अक्सर बागबानी से संबंधित वेबसाइट और ब्लॉग पर जाते रहते हैं, तो वेब ब्राउज़ करते ही आपको बागबानी से संबंधित विज्ञापन दिखाई दे सकते हैं.

और जानें.

**"विज्ञापन सेवाएं"**

उदाहरण के लिए, अगर आप अक्सर बागबानी से संबंधित उन वेबसाइट और ब्लॉग पर जाते रहते हैं, जिन पर हमारे विज्ञापन दिखाए जाते हैं, तो वेब ब्राउज़ करते ही आपको अपनी इस रुचि से संबंधित विज्ञापन दिखाई दे सकते हैं.
और जानें.

**"और ऐसे अन्य संवेदक"**

आपके डिवाइस में ऐसे संवेदक हो सकते हैं जो आपके स्थान को बेहतर समझने में सहायता करने के लिए जानकारी प्रदान करते हैं. उदाहरण के लिए, गति जैसी चीज़ों का पता लगाने के लिए ऐक्सेलरोमीटर या यात्रा की दिशा का पता लगाने के लिए जाइरोस्कोप का उपयोग किया जा सकता है.
और जानें.

**"जानकारी एकत्रित करें"**

इसमें आपके उपयोग डेटा और प्राथमिकताएं, Gmail संदेश, G+ प्रोफ़ाइल, फ़ोटो, वीडियो, ब्राउज़िंग इतिहास, नक्शा खोजें, दस्तावेज़ या Google द्वारा होस्ट की गई अन्य सामग्री शामिल हैं.
और जानें.

**"जानकारी वाली किसी एक सेवा में मौजूद अपनी निजी जानकारी के साथ-साथ किन्हीं अन्य Google सेवाओं में मौजूद अपनी निजी जानकारी संयोजित करें"**

उदाहरण के लिए, जब आपने अपने Google खाता में प्रवेश किया हुआ होता है और Google पर खोज करते हैं, तो आप सावर्जनिक वेब के साथ-साथ अपने मित्रों के पृष्ठों, फ़ोटो और Google+ पोस्ट से खोज परिणाम देख सकते हैं तथा वे लोग जो आपको जानते हैं या Google+ पर आपका अनुसरण करते हैं, वे अपने परिणामों में आपकी पोस्ट और प्रोफ़ाइल देख सकते हैं.
और जानें.

**"लोगों से जुड़ें"**

उदाहरण के लिए, आप Gmail जैसे अन्य Google उत्पादों पर लोगों के साथ अपने संबंधों के आधार पर उन लोगों के सुझाव प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें आप संभवतः Google+ पर जानते हैं या जिनसे Google+ पर जुड़ना चाहते हैं और जो लोग आपके साथ किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं, वो आपकी प्रोफ़ाइल को जुड़ने के लिए सुझाव के रूप में देख सकेंगे.
और जानें.

**"क्रेडिट कार्ड"**

वैसे तो हम वर्तमान में साइन अप के दौरान क्रेडिट कार्ड जानकारी नहीं मांगते, लेकिन अगर आपका खाता आपके द्वारा कोई जन्मदिन तिथि डालने के बाद अक्षम कर दिया गया और यह इंगित किया गया कि आपकी आयु Google खाता का उपयोग करने के लिए पर्याप्त नहीं है, तो उस स्थिति में क्रेडिट कार्ड के एक छोटे लेन-देन के माध्यम से आपकी आयु सत्यापित करना, आपके द्वारा हमारी आयु सीमा की आवश्यकताओं को पूरा करने की पुष्टि करने का एक तरीका होता है.
और जानें.

**"नए बनाएं"**

उदाहरण के लिए, Google का वर्तनी जांचने वाला सॉफ़्टवेयर उन पिछली खोजों का विश्लेषण करके बनाया गया था, जिनमें उपयोगकर्ताओं ने अपनी वर्तनी स्वयं ठीक की थी.
और जानें.

**"उपकरण पहचानकर्ता"**

उपकरण पहचानकर्ता Google को यह बताते हैं कि आप हमारी सेवाएं एक्सेस करने के लिए किन अद्वितीय उपकरण का उपयोग कर रहे हैं, जिसका उपयोग आपके उपकरण के लिए हमारी सेवा कस्टमाइज़ करने या हमारी सेवाओं से संबंधित किसी भी उपकरण समस्या का विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है.
और जानें.

**"उपकरण-विशिष्ट जानकारी"**

उदाहरण के लिए, जब आप अपने डेस्कटॉप से Google Play पर जाते हैं, तो Google इस जानकारी का उपयोग यह तय करने में आपकी सहायता कर सकता है कि आपके द्वारा की गई खरीदारियां किन-किन उपकरणों पर उपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध रहें.

और जानें.

**"अपने उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाएं"**

उदाहरण के लिए, कुकी से हम यह विश्लेषण कर पाते हैं कि उपयोगकर्ता हमारी सेवाओं के साथ कैसे सहभागिता करते हैं.
और जानें.

**"कानूनी प्रक्रिया या प्रवर्तनीय सरकारी अनुरोध"**

अन्य तकनीक और संचार कंपनियों की तरह ही, Google को भी नियमित रूप से दुनिया भर की सरकारों और न्यायालयों से उपयोगकर्ता डेटा सौंपने के अनुरोध प्राप्त होते हैं. हमारी कानूनी टीम प्रत्येक अनुरोध की समीक्षा करती है, चाहे उसका प्रकार कुछ भी हो और हम अक्सर उन अनुरोधों को खारिज कर देते हैं, जो अत्यधिक विस्तृत होते हैं या जिनमें सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया होता है.
और जानें.

**"साझाकरण या दृश्यता सीमित करें सेटिंग"**

उदाहरण के लिए, आप अपनी सेटिंग चुन सकते हैं, ताकि आपका नाम और फ़ोटो किसी विज्ञापन में दिखाई न दें.
और जानें.

**"एक से अधिक साइटों पर विज़िट से संबंधित जानकारी के साथ लिंक की जाती है"**

Google Analytics प्रथम-पक्ष कुकी पर आधारित है. Google Analytics के माध्यम से जेनरेट किए गए डेटा को Google Analytics ग्राहक या Google द्वारा Google तकनीक का उपयोग करके अन्य वेबसाइटों पर विज़िट से संबंधित तृतीय-पक्ष कुकी से लिंक किया जा सकता है, उदाहरण के लिए, जब कोई विज्ञापनदाता अधिक प्रासंगिक विज्ञापन बनाने या अपने ट्रैफ़िक का और विश्लेषण करने के लिए अपने Google Analytics डेटा का उपयोग करता है.
और जानें.

**"रखरखाव करने"**

उदाहरण के लिए, हम यह जांच करने के लिए कि हमारे सिस्टम अपेक्षानुसार काम कर रहे हैं और त्रुटियों का पता लगाने एवं उन्हें ठीक करने के लिए निरंतर अपने सिस्टम की निगरानी करते हैं.
और जानें.

**"आपके वास्तविक स्थान से संबंधित जानकारी एकत्रित और संसाधित कर सकता है"**

उदाहरण के लिए, Google नक्शे, नक्शे के दृश्य को आपके वर्तमान स्थान पर केंद्रित कर सकता है.
और जानें.

**"संभवतः सही तरीके से कार्य न करें"**

उदाहरण के लिए, हम ‘lbcs’ नाम की कुकी का उपयोग करते हैं, जिससे आपके लिए एक ही ब्राउज़र में कई Google दस्तावेज़ खोलना संभव हो जाता है.
और जानें.

**"और हमारे पार्टनर"**

हम विश्वसनीय व्यवसायों को हमारी सेवाओं पर विज्ञापन और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए कुकी या इसी प्रकार की तकनीकों का उपयोग करने की अनुमति देते हैं.
और जानें.

**"फ़ोन नंबर"**

उदाहरण के लिए, अगर आप पुनर्प्राप्ति विकल्प के रूप में कोई फ़ोन नंबर डालते हैं और अगर आप अपना पासवर्ड भूल जाते हैं, तो उसे रीसेट करने में आपको सक्षम बनाने के लिए Google आपको एक लिखित संदेश में एक कोड भेज सकता है.
और जानें.

**"Google और हमारे उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रखें"**

उदाहरण के लिए, अगर आप अपने ईमेल का अनधिकृत रूप से एक्सेस किए जाने को लेकर चिंतित हैं, तो Gmail की "पिछली खाता गतिविधि" मे आपको आपके ईमेल की हाल की गतिविधि से संबंधित जानकारी दिखाती है, जैसे कि वह IP पते, जिनसे आपका मेल एक्सेस किया गया था, उनसे संबंधित स्थान और साथ ही समय और तिथि.

और जानें.

**"सुरक्षा करने"**

उदाहरण के लिए, हमारे द्वारा IP पते और कुकी एकत्रित और विश्लेषित करने का एक कारण स्वचालित दुरुपयोग से हमारी सेवाओं को सुरक्षित रखना है.
और जानें.

**"उपलब्ध कराने"**

उदाहरण के लिए, आपके डिवाइस के लिए असाइन किए गए IP पते का उपयोग आपके द्वारा अनुरोधित डेटा को वापस आपके डिवाइस पर भेजने के लिए किया जाता है.
और जानें.

**"साझाकरण"**

उदाहरण के लिए, Google+ में आपके पास साझाकरण के कई अलग-अलग विकल्प होते हैं.
और जानें.

**"अन्य लोगों के साथ साझा करना पहले से तेज़ और आसान"**

उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति आपके संपर्क में पहले से मौजूद है और आप Gmail में किसी संदेश में उनका नाम जोड़ना चाहते हैं, तो Google उनके नाम को स्वतः पूर्ण कर देगा.
और जानें.

**"वे लोग जो ऑनलाइन आपके लिए सबसे अधिक मायने रखते हैं"**

उदाहरण के लिए, जब आप कोई संदेश लिखते समय उसकी प्रति, प्रतिलिपि या गुप्त प्रतिलिपि फ़ील्ड में कोई पता लिखेंगे, तब Gmail आपकी संपर्क सूची से पतों का सुझाव देगा.
और जानें.

**"उन लोगों से चीज़ों को साझा करना अधिक आसान बनाना, जिन्हें आप जानते हैं"**

उदाहरण के लिए, अगर आपने किसी व्यक्ति के साथ Gmail के माध्यम से संचार किया है और आप उन्हें Google दस्तावेज़ या Google कैलेंडर में किसी ईवेंट में शामिल करना चाहते हैं, तो आपके द्वारा उनका नाम लिखने पर Google उनके ईमेल पते को स्वतः पूर्ण करके ऐसा करना आसान बनाता है.
और जानें.

**"हमारे विज्ञापन देखें और उनके साथ सहभागिता करें"**

उदाहरण के लिए, हम विज्ञापनदाताओं को इस संबंध में नियमित रूप से रिपोर्ट भेजते हैं कि क्या हमने उनके विज्ञापन को किसी पृष्ठ पर दिखाया है और क्या वह विज्ञापन उपयोगकर्ताओं को दिखाई पड़ने की संभावना थी (उदाहरण के लिए, न कि किसी ऐसे पृष्ठ का हिस्सा होना, जिसपर उपयोगकर्ता स्क्रॉल नहीं करते).
और जानें.

**"हम एकत्रित, अव्यक्तिगत रूप से पहचान किए जाने योग्य जानकारी को सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं"**

जब कई सारे लोग किसी चीज़ को खोजने लगते हैं, तो इससे उस समय के विशेष रुझानों के बारे में बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त हो सकती है.
और जानें.

**"वाई-फ़ाई एक्सेस पॉइंट और सेल टावर"**

उदाहरण के लिए, Google आस-पास के सेल टावर के ज्ञात स्थान के आधार पर आपके डिवाइस के स्थान का अनुमान लगा सकता है.
और जानें.

**"और प्रासंगिक खोज परिणाम"**

उदाहरण के लिए, हम आपकी और आपके मित्रों की फ़ोटो, पोस्ट, आदि को जोड़कर आपके लिए खोज को अधिक प्रासंगिक और मज़ेदार बना सकते हैं.
और जानें.

**"अपनी सामग्री निकालना"**

उदाहरण के लिए, आप अपनी वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि, अपना ब्लॉग, वह Google साइट, जिसके आप स्वामी हैं, अपना YouTube चैनल, अपनी Google+ प्रोफ़ाइल या अपना संपूर्ण Google खाता हटा सकते हैं.
और जानें.

**"रुझान दिखाने के लिए"**

आप इनमें से कुछ Google रुझान और YouTube रुझान वाले वीडियो में देख सकते हैं.
और जानें.

**"अन्य साइटों और ऐप्लिकेशन पर आपकी गतिविधि"**

यह गतिविधि Chrome Sync जैसे Google उत्पादों के आपके उपयोग से या Google से भागीदारी करने वाली साइटों और ऐप्लिकेशन पर आपके जाने से आ सकती है. कई वेबसाइटें अपनी सामग्री और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए Google के साथ भागीदारी करती हैं. उदाहरण के लिए, कोई वेबसाइट हमारी विज्ञापन सेवाओं (जैसे AdSense) या विश्लेषण टूल (जैसे Google Analytics) का उपयोग कर सकती है. ये उत्पाद Google के साथ आपकी गतिविधि की जानकारी साझा करते हैं और, आपकी खाता सेटिंग और उपयोग हो रहे उत्पादों (जैसे, जब कोई भागीदार हमारी विज्ञापन सेवाओं के साथ मिलाकर Google Analytics का उपयोग करता है) के आधार पर, इस डेटा को आपकी व्यक्तिगत जानकारी के साथ संबद्ध किया जा सकता है.
और जानें.